इस तरह के अप्रचलित कानूनों को हटाने के लिए सरकार जो यह विधेयक लाई है, इसका मैं समर्थन करता हूं। हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी ने पिछले लोक सभा चुनावों के दौरान लोगों से वादा किया था कि अगर हमारा शासन आया तो लोगों के बीच में जो ये अप्रचलित कानून हैं, अप्रासंगिक कानून हैं, इन्हें हम हटा देंगे। इसलिए उनके द्वारा जो यह कार्य किया जा रहा है, मुझे इस पर गौरव है। मुझे गर्व है कि जब 1998 में श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनी थी, तो उन्होंने पी.सी. जैन समिति का गठन किया था, जिसका काम था कि वह ऐसे कानूनों की पहचान करे। उस समिति ने इस तरह के अप्रचलित 415 कानूनों को रद्द करने का प्रस्ताव किया था। हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी ने ऐसे कानूनों को चिन्हित करने के लिए श्री रामानुज की अध्यक्षता में समिति बनाई और उससे कहा गया कि जो भी ऐसे अप्रचलित कानून हैं, उन्हें चिन्हित किया जाए। अब इस विधेयक के जरिए इन कानूनों को रिपील करने का प्रयास किया जा रहा है, जो कि एक सराहनीय काम है।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि ऐसी भाषा में कानून की प्रस्तुति होनी चाहिए, जिसे आम आदमी समझ सके। देखा जाए तो लगभग सभी कानूनों की भाषा इतनी कम्पलीकेटेड होती है कि आम आदमी समझ ही नहीं पाता है। मेरा कानून मंत्री जी से निवेदन है कि कानून ऐसी भाषा में प्रस्तुत करें कि लोग उसे समझ सकें। कई न्यायालयों में प्रादेशिक भाषा के उपयोग पर प्रतिबंध है। जहां तक हाई कोर्ट्स का सम्बन्ध है, वहां पर क्षेत्रीय भाषा पर रोक है। अब आप ही देखें कि कैसे गरीब व्यक्ति, आम व्यक्ति इस कानून की प्रक्रिया समझ सकता है। अगर वह अंग्रेजी भाषा में लिखी गई है, और कभी-कभी वह भाषा इतनी कम्प्लीकेटेड होती है कि पढ़े-लिखे लोगों की समझ के बाहर होती है।

मैं गुजरात से आता हूं और गुजरात सरकार ने गुजरात हाई-कोर्ट में गुजराती में काम करने के लिए, पहले कई बार केन्द्र सरकार को निवेदन किया है, मगर आज तक गुजराती भाषा में गुजरात के हाईकोर्ट में काम नहीं होता है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि सभी न्यायालयों में रीजनल भाषा में कार्य करने का अनुरोध किया जाए। मैं पेशे से डाक्टर हूं और इस विधेयक में, यह मुद्दा शामिल है या नहीं है, इसका मुझे पता नहीं है। जहां तक पोस्ट-मार्टम का सवाल है, पोस्ट-मार्टम के बारे में शायद ऐसा नियम है कि पोस्ट-मार्टम दिन के समय होता है, रात में नहीं होता है। कभी-कभी शाम को 6-7 बजे हादसा होता है, तो पूरा परिवार रात भर डैड-बॉडी के पास बैठा रहता है। शायद कानून में ऐसा कहा गया है, लेकिन अधिकारिक तौर पर मुझे इसका पता नहीं है। सार्वजनिक जगह पर आप जाओ तो पोस्ट-मार्टम डे-लाइट में ही होता है। मेरी समझ ऐसी है कि डे-लाइट में पोस्ट-मार्टम के जो कलर्स आते हैं जैसे कि साइनोसिस होता है, ब्ल्यूइस कलर होता है, तो वह अच्छी तरह से एप्रीसिएट नहीं होता है। मेरा आंकलन है कि जब लाइट नहीं थी, बिजली नहीं थी, तब ऐसे कानून बने होंगे। आज बड़े-बड़े ऑपरेशन रात को होते हैं, तो पोस्ट-मार्टम नाइट में क्यों नहीं हो सकता । मैं माननीय मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि पोस्ट-मार्टम दिन के उजाले में होने का जो कानून है उसे बदलकर किसी भी समय यह हो सके, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। इसे एक सेमी-इमरजेंसी के तौर पर लेना चाहिए, क्योंकि इसकी वजह से लोगों को रात भर बैठना पड़ता है। जब परिवार में हादसा होता है तो लोगों की स्थिति क्या होती है, हम सभी इसे जानते हैं।

मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि इस पोस्ट-मार्टम को कानून के दायरे में लाया जाए और किसी भी वक्त पोस्ट-मार्टम इमरजेंसी के तौर पर किया जाए।

आपने मुझे बोलने का मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

***SHRI SHER SINGH GHUBAYA (FEROZEPUR) :** I thank you, Chairman Sir, for giving me the opportunity to speak on "The Repealing and Amending (Second) Bill, 2014".

Sir, this is an important bill. I thank the Hon'ble Minister Shri Gowda for bringing this bill in this august House. This is a timely step and all credit must go to Hon'ble Prime Minister Shri Modi.

As other Hon'ble Members have pointed out, there are several obsolete and redundant laws that had been framed prior to independence. They have lost their relevance now. They are still present in the statute-books. They have lost their usefulness now.

So, the need of the hour is to repeal these laws that are no longer pertinent. Some other laws need to be amended. I will give some instances of such laws.

Sir, we are living in a mechanized age. The laws regarding accidents are out-of-date. These laws need to be updated. A person who is responsible for killing people in a road-accident is not given a severe sentence as there is no provision for that in the accident laws. This law is outdated and needs to be amended. Errant drivers should not escape with lighter sentences. So, the Road Act needs to be reviewed and amended.

Similarly, Sir, no bystander or onlooker comes forward to help the accident-victims on the road. It is because they are harassed by police officials later on. This is a flaw in the law that needs to be amended.

Sir, I hail from Punjab. Large swathes of land earlier fell under the 'forest area'

---

*English translation of the Speech originally delivered in Punjabi.

and were registered as such. However, with the passage of time, forests were cut down and people started living over there. However, they are still registered as forest land. But, now, villages have come up over there and cultivation is done on the land. So, it is high time, this land is granted to the villagers. There are other such cases too. Roads and canals had come up long ago on such 'forest land'. The law needs to be amended keeping in view the present reality.

Similarly Sir, there are places that were initially 'Cantonment Areas'. However, now they have become part of towns and cities. Poor people have their houses there but they cannot get these houses allotted in their names. This is the case in Ferozepur too. Half the town is still in the

Cantonment area. The case was sorted out by Hon'ble Minister Shri Jaitly recently. However, problems remain and these need to be looked into. Such land, where houses of poor citizens are there, should be allotted to them.

Sir, in the end, I thank the Hon'ble Minister Shri Gowda and wholeheartedly support this bill.

Thank you.

श्री रत्न लाल कटारिया (अम्बाला) : सभापति जी, मैं इस बिल का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

मान्यवर, भारत के प्रधानमंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने शायद इस बात का गहराई से अध्ययन किया होगा कि अभी जो वर्ल्ड बैंक में एक रिपोर्ट पेश की गयी थी, जिसके अंतर्गत भारत उन देशों में था, जहां अपना कारोबार शुरू करने के लिए 14 सौ दिन तक लग सकते हैं। कानून के इतने हिन्डरेंसिज़ हैं कि किसी को अपना कारोबार शुरू करने में दिक्कतें आती थीं, जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति के लिए नया कारोबार करना ही बहुत कठिन हो गया। वक्त की मांग है कि भारत को एक अग्रणी राÂट्र बनाने के लिए और यहां बिज़नेस को तेज़ी से चलाने के लिए इस प्रकार के कानून का आना अतिमहत्वपूर्ण है।

37 साल पहले इमरजेंसी के ज़माने में एक कानून बना, जिसके अंतर्गत उस समय के प्रधानमंत्री ने अपनी कुर्सी को पक्का करने के लिए संविधान में संशोधन करके एक धारा 329 (ए) जोड़ दी, ताकि कोई उनकी सत्ता को चुनौती न दे सके। यह तो शुक्र है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी की अगुवाई में एक आंदोलन चला।

16.00 hrs.

और भारत माता के लाल श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी और श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी ने उस समय देश की अगुवाई की और उस प्रकार के कानूनों से हमें उस समय छुटकारा मिला। आज क्या मतलब है कि एक कानून 1861 का है, घोड़ा-बग्घी का केस है, जो अंग्रेजों के जमाने में चला करती थीं, लेकिन आज उस कानून का भी कई जगहों पर दुरुपयोग करके लेबरर्स को तंग किया जाता है। ऐसे कानून की आज क्या मान्यता है। इसी प्रकार 1957 में एक टेलीग्राफी एक्ट बना था, उसके तहत टेलीग्राफ में जब मैसेज भेजते थे तो तब तांबे की तारें आती थी और उन तारों की बड़े पैमाने पर चोरी होती थी। लेकिन आज डिजिटल क्रांति आई है और शायद आज तांबे का तारों का प्रयोग उतना नहीं होता है। इसलिए उस कानून को भी आज बदलने की जरूरत थी।

आज हम देख रहे हैं कि हिंदुस्तान की विभिन्न अदालतों में चार करोड़ से भी अधिक मुकदमे लम्बित पड़े हैं। इतने लम्बे समय तक केस क्यों चल रहे हैं, कुछ केसिज में सारी उम्र निकल जाती है, क्योंकि कानून पर कानून निकलते जाते हैं और हर कदम पर कुछ ऐसे अवांछित कानून रास्ते में आ जाते हैं कि न्याय मिलने में सारी उम्र निकल जाती है। आज जो ज्युडिशियल रिफार्म्स कमीशन बना है, उसे इस तरफ भी ध्यान देने की आवश्यकता है। जहां अमरीका जैसे देशों में एक मिलियन लोगों को न्याय देने के लिए लगभग 108 जजेज होते हैं, लेकिन भारतवर्ष में एक मिलियन लोगों पर मात्र 12 जजेज होते हैं। फिर किस प्रकार से मुकदमों का जल्दी फैसला होगा। मैं समझता हूं कि इस क्षेत्र में भी बहुत क्रांतिकारी कदम उठाये जाने की जरूरत है, ताकि भारत के लोगों को स्पीडी न्याय मिले।

आज वक्त आ गया है कि जो इस प्रकार के अनुपयोगी और अप्रासंगिक कानून सैकड़ों वर्षों से चले आ रहे हैं और जो भारत की न्याय व्यवस्था में दीमक की तरह काम कर रहे हैं, ऐसे कानूनों से हमें छुटकारा पाना चाहिए और उसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर यह बिल लाया गया है और माननीय सदस्यों ने इसमें भागीदारी लेते हुए अपने भाषणों में बोला है कि किस प्रकार से पोस्टमार्टम के समय पुराने कानूनों के अंतर्गत कोई भी व्यक्ति किसी के साथ अस्पताल में जाने का जोखिम नहीं लेना चाहता था। इसी तरह से हम सड़कों पर देखते हैं कि एक्सिडैन्ट्स में लाशें पड़ी रहती हैं, लेकिन उनके पास से जाते हुए लोग जानते हैं कि एक हादसा हो गया है, लेकिन कानून इस प्रकार के हैं कि कोई उनकी मदद नहीं करता। कोई भी व्यक्ति अगर ऐसे समय में उनकी कोई मदद कर दें, उपचार के लिए पास के अस्पताल ले जाए तो बहुत से लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। लेकिन पुराने कानूनों की वजह से, कानूनी अड़चनों की वजह से लोग इस प्रकार की हिम्मत नहीं कर पाते कि वे उनकी किसी प्रकार की सहायता कर सकें और इस प्रकार हमारे देश में हजारों लोग हर वर्ष सड़कों पर दम तोड़ देते हैं। आज इस तरह के कानूनों में बदलाव लाये जाने की आवश्यकता है। मैं कई बार हैरान होता हूं कि अंग्रेजों के जमाने के कानून सैकिंड वर्ल्ड वार के समय के कानून आज तक हमारी किताबों में चल रहे हैं। कुछ कानूनों की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया कि जिस समय फर्स्ट वर्ल्ड वार और सैकिंड वर्ल्ड वार में भारत के लोगों को इंग्लैंड की मदद के लिए वहां की मिलिट्री में किसी सहायता के लिए भर्ती किया गया, हिंदुस्तान के लोग उस फिरंगी शासन के खिलाफ बातें किया करते थे। लेकिन जैसे ही उन बातों का पता चलता था, हिंदुस्तान के लोगों को गिरफ्तार कर के वे फिरंगी लोग अण्डमान निकोबार के काला पानी में भेज दिया करते थे। क्या आज 68 साल की आजादी के बाद उन काले कानूनों की भारत के अंदर जरूरत है? आज वक्त आ गया है कि इस प्रकार के उन पुराने कानूनों से छुटकारा दिला कर भारत के अंदर एक नए खून का संचार हो रहा है।

सभापति महोदय, एक नई क्रांति हिंदुस्तान के अंदर आ रही है। हम चाहते हैं कि हमारे बिजनस को बढ़ावा देने के लिए, इस ग्लोबलाइज़ेशन और लिबूलाइजेशन के युग के अंदर हम चाहते हैं कि दुनिया हमारे देश के अंदर निवेश करने के लिए आए और हमारी आर्थिक स्थिति को मज़बूत बनाने में सभी देश भागीदार बनें। हम चाहते हैं कि हमारे देश के अंदर रेलवे के नए-नए प्रोजेक्ट्स आएं। हम चाहते हैं कि हमारा देश को ऑयल एक्सप्लोरेशन के क्षेत्र में, तेल के मामले में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अगर कुछ लोग, कुछ देश हमारी मदद करना चाहते हैं तो उस मदद के रास्ते में जो पुराने कानून आ रहे हैं, ऐसे सभी कानूनों से हमें मुक्ति पानी होगी। उसी दिशा में एक यह बहुत ही अच्छा प्रयास किया गया है। मैं इस बिल का पूरा-पूरा समर्थन करता हूँ। धन्यवाद।

श्री अजय मिश्रा टेनी (खीरी) : सभापति महोदय, कानून मंत्री जी के द्वारा ऐसे नियम और कानून जिनकी उपयोगिता अब समाप्त हो चुकी है, उनके निरसन के लिए यह जो विधेयक लाया गया है, मैं उसका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। वास्तव में सभ्य समाज में नियम और कानून इसलिए बनाए जाते हैं कि लोगों के अधिकारों की रक्षा हो सके और उनको उनके कर्त्तव्यों के विषय में बताया जा सके। कालांतर में धीरे-धीरे ऐसे बहुत सारे कानून बन जाते हैं, विभिन्न संदर्भों में बनते हैं, जिनकी उपयोगिता बाद में खत्म हो जाती है, लेकिन वे कानून सरकारी मशीनरी के हाथ में एक ऐसे हथियार के रूप में रहते हैं, जिनका दुरूपयोग कर के जनता को समय-समय पर बहुत बड़ी-बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आज हमारे बहुत सारे साथियों ने ऐसे विभिन्न कानूनों का जिक्र किया, जिनकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी है। लेकिन वे वर्तमान में मौजूद हैं, जिनका दुरूपयोग होता है और लोगों के आम जीवन में जो सरलता होनी चाहिए, उसमें वे कठिनता लाने का काम करते हैं। अभी जैसे बहुत सारे मुकदमों की बात चल रही है। जगह-जगह पर चर्चा होती है कि लोगों को समय से न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसके पीछे भी ऐसे बहुत सारे कानून जो विभिन्न अदालतों द्वारा, माननीय उच्च न्यायालय द्वारा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ऐसे समयों में और संदर्भों में दे दिए जाते हैं, जिनका दुरूपयोग ऐसे लोग करते हैं जो अपराधी होते हैं, जिनको सजा होने वाली होती है, ऐसे लोग करते हैं। ऐसे उन नियमों कानूनों का दुरूपयोग कर के समय सीमा लगातार बढ़ाते चले जाते हैं और कानून का दुरूपयोग कर के वे बचे रहते हैं। ऐसे में वे सारे कानून जिनकी उपयोगिता समाप्त हो चुकी है, जिनकी कोई आवश्यकता नहीं है, उनको समाप्त करने के लिए माननीय कानून मंत्री जी द्वारा जो विधेयक लाया गया है, निश्चित रूप से यह प्रशंसनीय है और सराहनीय है। इसको हम लोग सर्वसम्मति से पास भी करना चाहेंगे।

हमारे विरोधी दल के बहुत सारे साथी, जो सुबह-सुबह बहुत शोर मचाते हैं, कभी-भी सदन को ठीक ढंग से चलने नहीं देते हैं, हम लोग जो पहली बार सदन में चुन कर आए हैं, बहुत प्रयासों के साथ, नियम और कानून के साथ अपने नोटिसेज देते हैं। लेकिन उन नोटिसों को भी संज्ञान में न ले कर वे शोर मचा कर हम लोगों के अधिकारों को समाप्त करने का हमेशा प्रयास करते हैं। जब कि आज यह इतना बढ़िया समय था कि कितने सारे कानून निरसित किए जा रहे हैं, यह बहुत महत्वपूर्ण समय है। लेकिन खास कर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के लोग आज यहां पर मौजूद नहीं है। अब उनकी जिम्मेदारी का अहसास उनको कौन करायेगा? उनके मतदाताओं ने उनको बहुत अपेक्षाओं के साथ, बहुत आशाओं के साथ इस लोक सभा में चुनकर भेजा है, लेकिन ऐसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब उनको यहाँ पर होकर बहस में हिस्सा लेना चाहिए था और इन नियम-कानूनों की समीक्षा करनी चाहिए थी, वे लोग यहाँ पर मौजूद नहीं हैं। वे शोर मचाते हैं, वैल में आते हैं और हम जैसे लोगों को जो यह अधिकार दिया गया है, यहाँ पर लोक सभा में जो व्यवस्था बनाई गई है, हमें यह अवसर मिलता है कि हम अपने क्षेत्र की बात यहाँ पर कह सकें, उसको भी ये रोकने का प्रयास करते हैं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से यह भी प्रार्थना करूँगा कि ऐसे लोगों के खिलाफ भी कोई न कोई ऐसा कानून जरूर बनाया जाए, जिससे हमारे अधिकार को रोकने का जो उनका प्रयास होता है, ऐसा नहीं होना चाहिए। मैं कहना चाहता हूँ कि ये जो ऐसे कानून हैं, जिनकी अब उपयोगिता समाप्त हो चुकी है, जब पहले एन.डी.ए. की सरकार माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में बनी थी

तो उन्होंने इसका प्रयास किया था। जैन कमेटी के माध्यम से एक हजार से ज्यादा ऐसे कानूनों को खोजा गया था, जिनको समाप्त करने की आवश्यकता थी। कुछ कानून उनमें से समाप्त किये गए, लेकिन बाद में प्रक्रिया धीमी हो गई। पिछले दस सालों में बहुत धीमी प्रक्रिया रही।

हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी को इस देश ने बहुत आशाओं और अपेक्षाओं के साथ भारी जनादेश दिया है। उन्होंने यह प्रतिबद्धता जाहिर की थी कि हम देश में वे सारे काम करेंगे, जिनके द्वारा हमारे देश के लोग सुखी हों। देश के लोगों को रोजगार मिले, उन्हें शिक्षा के अवसर मिलें, उन्हें चिकित्सा का अवसर मिले, उनके कानूनी अधिकारों और कर्त्तव्यों की रक्षा हो, इसके लिए वे लगातार काम कर रहे हैं। उसी काम के सिलसिले में उन्होंने माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के द्वारा जो काम छोड़ा गया था, उसको तुरन्त हाथ में लिया और ऐसे सभी कानूनों को निरसित करने का यह जो विधेयक लाया गया है, इसके पीछे सीधा-सीधा यही प्रयास है। वे सारे कानून जिनकी उपयोगिता नहीं है, वेहमारे अधिकारों को रोकने का काम करते हैं।

16.11 hrs.

(Shri Hukum Singh *in the Chair*)

माननीय सभापति : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री अजय मिश्रा टेनी : महोदय, मैं सिर्फ दो मिनट का समय लूँगा। कानून मंत्री जी, मैं तीन विषयों पर बहुत संक्षेप में आपसे बात करना चाहता हूँ। वन विभाग, राजस्व विभाग और रेल विभाग में कुछ ऐसे कानून हैं, जैसे अगर हम राजस्व विभाग की बात करते हैं तो राजस्व में बहुत छोटे-छोटे मुकदमे होते हैं, लेकिन उनकी सुनवाई तहसील स्तर पर तहसीलदार और एस.डी.एम. के द्वारा की जाती है। इन अधिकारियों के पास बहुत सारे अन्य काम भी होते हैं। इससे किसानों का समय व्यर्थ जाता है, धन भी व्यर्थ जाता है और उनकी सुनवाई नहीं हो पाती है। मैं आपसे यह भी अनुरोध करूँगा कि वह व्यवस्था समाप्त करके नये राजस्व न्यायालयों की स्थापना की जाए, जिसमें खेती-बाड़ी से सम्बन्धित मुकद्मे सुने जाएं। आप राजस्व न्यायालयों की अलग से स्थापना करने का काम करें और पुरानी पृथा को समाप्त करें।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब आप समाप्त करें और अपना आसन ग्रहण करें।

श्री अजय मिश्रा टेनी : महोदय, केवल एक मिनट का समय दीजिए। दूसरा, वन विभाग से सम्बन्धित मसला है। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री गोपाल शेट्टी ।

श्री अजय मिश्रा टेनी : मैं जिस लोक सभा क्षेत्र से चुना गया हूँ, वहाँ पर लगभग 60 प्रतिशत वन क्षेत्र है।

महोदय, मुझे एक मिनट का समय दीजिए। यह बहुत सारे लोक सभा क्षेत्रों का मसला है। हमें आपका संरक्षण चाहिए। मेरे लोक सभा क्षेत्र में बहुत ज्यादा वन विभाग का क्षेत्र आता है। वहाँ पर बहुत सारे गाँव भी बसे हुए हैं।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : अब मैंने दूसरे वक्ता को बुला दिया है। वे खड़े हैं, अब आप थोड़ा सा ध्यान रखिए।

श्री अजय मिश्रा टेनी : आप जरा एक मिनट बैठ जाइये।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : आपस में बात मत कीजिए।

श्री अजय मिश्रा टेनी : यह बहुत आवश्यक है।...(व्यवधान)

माननीय सभापति : पहले मैं आपको समझा देता हूँ। निर्देश तो यहाँ के चलेंगे। अब आप दोनों काम करेंगे, आप भाषण भी देंगे और आप ही बिठायेंगे। आप एक ही काम कीजिए और अब समाप्त कीजिए।

श्री अजय मिश्रा टेनी : महोदय, आप मुझे एक मिनट घड़ी देखकर टाइम दे दीजिए। हमारे जंगलों के अन्दर बहुत सारे गाँव बसे हैं। उनका विकास इस कारण से नहीं हो पा रहा है, क्योंकि, वन विभाग के लोग वहाँ पर रोक लगाते हैं। वहाँ पर न तो सड़कें बन पा रही हैं, न हैंडपम्प लग पा रहे हैं, न वहाँ सोलर लाइट्स लग पा रही हैं और न ही वहाँ का विद्युतीकरण हो पा रहा है। मैं कानून मंत्री जी का ध्यान उधर भी आकर्षित करना चाहूँगा और साथ ही साथ आप रेल मंत्री रहे हैं। रेलवे की बहुत सारी सड़कें, संस्थान ऐसे हैं, लेकिन उन सड़कों की मरम्मत नहीं हो पा रही है, संस्थानों में रंगाई-पुताई नहीं हो पा रही है। इसके लिए भी आप कुछ न कुछ कानून बनायें। बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : महोदय, मैं आपका आभारी हूँ कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का मौका दिया। हम आज ग्लोबलाइजेशन की तरफ आगे बढ़ रहे हैं, ऐसे समय पर जो कायदे बने हुए हैं, उनमें समय पर बदलाव करना बहुत ही आवश्यक है। इसके लिए मैं कानून मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूँ कि वे सही समय पर इन्हें बदलने का कानून यहाँ पर लाये हैं। जब लोग बहुत दिनों तक कोर्ट में केस लड़ते-लड़ते परेशान हो जाते हैं और जब उसकी जजमेंट आ जाती है, तो लोग कहते हैं कि बाबा आदम के ज़माने का बना हुआ कायदा है या ब्रिटिश के ज़माने में बना हुआ कायदा है। आज हम जब ग्लोबलाइजेशन के युग में हैं, तो ऐसे पुराने कानूनों को बदलना बहुत ही जरूरी है। ब्रिटिश ज़माने में बना हुआ कानून है कि जून में नए स्कूल बनाने के लिए वे परमिशन नहीं देते थे क्योंकि ब्रिटिशर्स चाहते थे कि देश के लोगों को अनपढ़ रखेंगे तो ज्यादा से ज्यादा दिन तक भारत में राज कर पाएंगे। ऐसे समय के लिए 420 का एक कानून बना हुआ है कि अगर कोई परमिशन लिए बिना स्कूल बनाएगा तो उस पर 420 का कानून लागू होगा। जब मैंने मुम्बई नगर पालिका में 15 साल नगर सेवक के तौर पर काम किया, तो जून महीने में बहुत सारे लोगों पर इस प्रकार के केस लगाए जाते थे। मैंने वहां कहा था कि आपको स्कूल चलाने वाले लोगों पर 420 का कायदा नहीं लगाना चाहिए। जो स्कूल की व्यवस्था नहीं करते हैं, ऐसे लोगों पर कायदा लगाना चाहिए, क्योंकि, लोगों की संख्या बढ़ गई है और स्कूल नहीं होने की वजह से प्राइवेट स्कूल खोले जा रहे हैं। यह कायदा अभी भी अस्तित्व में है। मैं चाहता हूं कि इस प्रकार के कायदों को भी बदलने की जरूरत है।

महोदय, आज भी हमारे देश में जो राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ता आंदोलन करते हैं, उनके लिए भी कोई अलग कायदा नहीं है। जो क्रिमिनल कायदे हैं, वही कायदे इन पर लगाए जाते हैं। मेरे जैसा सामान्य पार्टी का कार्यकर्ता जब कभी भी आंदोलन होता है तो आंदोलन में हिस्सा लेता हूं। पुलिस पकड़ती है तो मैं अरेस्ट हो जाता हूं। आज के समय में मुझ पर नौ केस हैं। कांग्रेस के लोग हमेशा चुनाव के समय हमेशा मुद्दा बनाते हैं कि गोपाल शेट्टी के ऊपर नौ केस हैं। लेकिन ये सभी केस पालिटिकल हैं। राजनीतिक लोगों के ऊपर किस प्रकार का केस लगाना चाहिए, इसका भी नया कायदा बनना चाहिए। पुराने कानूनों में भी बदलाव लाने की आवश्यकता है। पालिटिकल पार्टी के कार्यकर्ता को अगर पकड़ते हैं तो छह या बारह महीने में उसे फ्री कर दो। उस पर छोटा-मोटा फाइन लगाकर छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार की व्यवस्था बनानी चाहिए। मैं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने चुनाव के पहले इस बात को उठाया और कहा कि जितने भी पालिटिकल पार्टी के नेता या कार्यकर्ता हैं, जो चुने हुए प्रतिनिधि हैं, उन पर इस प्रकार के केस फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा जल्दी समाप्त करेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने इस बारे में टिप्पणी की। उनके सोचने और समझने पर शायद फर्क हुआ होगा और सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा नहीं हो सकता है। देश के प्रधानमंत्री की बात स्पष्ट थी कि पालिटिकल पार्टी के लोग अगर गलत करते हैं तो वे जेल जाने चाहिए और नए लोगों को मौका देना चाहिए। हमारे न्याय मंडल में भी " लॉ एंड जस्टिस " का उल्लेख हुआ है। लॉ के हिसाब से वह सही है, लेकिन जस्टिस भी तो मिलना चाहिए। ऐसे सारे जो नियम हैं, वे समय-समय पर बदलने आवश्यक हैं, वरना देश में जो पढ़े-लिखे लोग हैं, वे इस प्रकार के बाबा आदम के ज़माने के कानूनों से परेशान हो जाएंगे। आने वाले दिनों में देश इस बात से पहचाना जाना चाहिए कि इस कानून को नरेन्द्र मोदी जी ने बनाया है जिसके माध्यम से जल्दी से जल्दी केस का निपटारा हुआ और लोगों को न्याय मिला। इस प्रकार की एक आवाज आने वाले

25-50 सालों में सुनने को मिले। इस प्रकार का प्रोविजन होना चाहिए। जितना हो सके कम से कम समय में पुराने कानूनों में बदलाव करते हुए जब हम ग्लोबलाइजेशन के युग में जा रहे हैं, देश आगे बढ़ रहा है, जब दुनिया से कम्पीट करने के लिए हम मैदान में उतरे हैं, ऐसे समय पर पुराने कानूनों को बदल कर नए कानूनों को अमल में लाने की आवश्यकता है। सही समय पर लॉ मिनिस्टर पुराने कानूनों में बदलाव करने का प्रस्ताव सदन में लाए हैं, इसके लिए मैं उन्हें अभिनंदन करता हूं। मुझे मेरी पार्टी के नेता मेघवाल जी ने अंतिम समय में बोलने का अवसर प्राप्त करके दिया, इसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

श्री राजकुमार सैनी (कुरुक्षेत्र) : सभापति जी, आज हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी गुड गवर्नेंस, जिसके लिए आज पूरी दुनिया नरेन्द्र भाई मोदी को न्याय और जस्टिस के लिए देख रही है, वहीं आज हमारे कानून मंत्री जी इस अमेंडमेंट बिल को लेकर आए हैं।

महोदय, मैं पुलिस के बारे में स्पष्ट करना चाहूंगा। आज पुलिस की स्थिति एक लाचार व्यक्ति से ज्यादा की नहीं है, बल्कि इससे भी ज्यादा बदतर है। यदि कोई एफ.आई.आर. लॉज कराता है। एफ.आई.आर. लॉज कराने के पश्चात् पुलिस को तफतीश में सब कुछ मालूम होने के बाद भी वह अगर किसी चीज़ को डिलीट करना चाहे या उसे न लिखना चाहे, तो भी कोर्ट उसको कॉल कर लेती है और उसकी तफतीश के कोई मायने नहीं बचते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि पुलिस की स्थिति को कानून में स्पष्ट अंकित किया जाए। पुलिस की इंवेस्टीगेशन पर हायर ऑथोरिटी रि-इंवेस्टीगेशन तुरंत करे। जो पुलिस लिखे, उसे कोर्ट में जो रि-कॉल का सिस्टम है, उससे कानून में देरी होती है। इसके कारण कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों का उसमें छूट जाना भी हमारे लिए एक दुःखद घटना साबित होती है।

महोदय, न्याय में देरी भी इसी वज़ह से होती है कि तफतीश पर तफतीश और कचहरी में पेशी पर पेशी लगती रहती है। इससे कानून एक मज़ाक जैसा लगता है। इससे हमारे कानून की स्थिति एक घायल पक्षी की तरह हो जाती है कि न्याय पाने वाला व्यक्ति पीढ़ी दर पीढ़ी बदलता जाता है, पर फिर भी उसे न्याय नहीं मिलता और देरी से मिले हुए न्याय को न्याय न मिलने के बराबर समझा जाता है।

महोदय, विवाह संबंधी कानून का आज बहुत दुरूपयोग हो रहा है। अगर इसके संबंध में स्पष्ट बात रखी जाए तो वह बात फिर पुलिस की तफतीश पर आकर रूक जाती है। हिन्दू मैरिज एक्ट के मुताबिक अगर किसी व्यक्ति की शादी हो जाती है और शादी के सात साल तक अगर उसकी गृहस्थी में किसी तरह की गड़बड़ी आ जाए और उनकी वैवाहिक स्थिति ठीक न चले तो हमेशा महिला पक्ष की स्थिति को कंसीडर किया जाता है, पुरूष पक्ष की नहीं, चाहे पुरूष पक्ष की गलती नाममात्र की हो। इस पर भी पुनर्विचार होना चाहिए।

महोदय, इसी प्रकार से हमारे जंगली जानवरों के संबंध में वन-विभाग के कई कानून हैं, जिसके विषय में आज नियम-377 के तहत कई माननीय सदस्यों ने अपने विचार रखे भी हैं। अपने कुरूक्षेत्र से लगे हुए बहुत सारे जंगल हैं। आज वहां जानवरों के कारण किसान अपनी फसलों को छोड़ने पर मजबूर हो चुके हैं। जैसे दलहन की फसलें हैं, शाक-सब्जी की फसलें हैं, इन फसलों को वहां के किसानों को सिर्फ जंगली जानवरों के कारण उस पशु संरक्षण कानून की वज़ह से छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इस कानून में भी कुछ इस तरह के प्रावधान आना चाहिए कि उनके लिए कुछ बाउंड्री बनायी जा सकती है, जैसे ज़ू होता है, उसमें वे पशु रखे जाएं। आज जंगली जानवरों की तो परिभाषा है, पर नीलगाय के कारण आज उत्तरी भारत के किसानों की फसलों पर बहुत प्रभाव पड़ रहा है। आज किसान आत्महत्या पर इसलिए मजबूर हो रहे हैं, क्योंकि वे इन जानवरों के कारण अपने फसलों की बिजाई नहीं कर पाते।

माननीय महोदय, मैं आप सभी से यह कहना चाहता हूं कि आज के जो कानून हैं, उनमें बहुत सारी खामियां हैं। जैसे वन्य कानूनों में रोड निकलने, टनल बनने, बिजली की लाइनें बनाने से संबंधित बहुत सारे मुद्दे हैं। अभी हाल ही में माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हमारे कुरूक्षेत्र में एक सड़क की फोर लेनिंग की परमिशन और उसके इनॉगेरेशन के लिए आए थे। लेकिन, बी.एफ.ओ. ने अभी तक उसकी परमिशन ग्रांट नहीं की कि उसकी फोर लाइनिंग कर दी जाए। इस प्रकार सरकारी मशीनरी में डिले होने की वज़ह से और काम का रिजल्ट न होने से वे ठेकेदार लोगों से रिश्वत लेने में लगे रहते हैं कि वे इसमें जितना डिले करेंगे, वे ठेकेदार उन्हें उतना ही पैसे देंगे। इसलिए कानून में विलम्ब न हों और जंगल के जो कानून हैं, उसमें इन कामों को लेकर पारदर्शिता से उसको प्राथमिकता दी जाए। धन्यवाद।

SHRIMATI ANUPRIYA PATEL (MIRZAPUR): Thank you, Mr. Chairman, Sir. I rise to speak in support of the Repealing and Amending (Second) Bill, 2014. I appreciate the effort of the Government to revise, amend and drop certain laws which were framed in the colonial times and which have become redundant and lost their pertinence. They are quite obsolete and they need to be done away with. It is high time to have laws in our nation which are in sync with the modern times and need of the nation. There are many such laws in our country which have become obsolete and they are of no use to the nation.

I will quote two examples here. We have the Oudh Taluqdars' Relief Act, 1870 which remains alive in our country even when the State of Oudh and the Taluqdars do not exist any more. We also have the Prevention of Cruelty to Animals Act of 1960 which allows the poachers and animals to go scot-free by paying a small penalty fine of Rs. 50 only. There are many such examples and most of them relate to the weaker sections of the society like the farmers, the labourers, the tribals who live in the forests and the women, which need to be done away with. It is high time that the Government revised or dropped some of the laws in the larger interest of the nation.

So I appreciate the effort that the Government is making today to amend these laws, to get rid of some of these obsolete laws and to make and create and adopt a list of laws which are more in sync with the modern times. I congratulate the Government and on behalf of my Party, I extend my fullest support. Thank you so much.

श्री रमेश चन्द्र कौशिक (सोनीपत) : माननीय सभापति महोदय, मैं सबसे पहले आपका धन्यवाद करता हूं कि मुझे आपने बोलने का अवसर दिया। मैं रोड के संबंध में कहना चाहूंगा कि जब भी कोई रोड बनती है, उसका उद्घाटन होने के बाद भी एक-एक साल बाद तक फॉरेस्ट विभाग की परमीशन नहीं मिलती है, कभी पॉल्यूशन के नाम पर या कभी किसी और के नाम पर और वे काम दो-तीन साल तक लेट होते रहते हैं। माननीय मंत्री जी जो बिल लाए हैं, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। इससे जो काम रूके पड़े हैं, वे दोबारा शुरू हो जाएंगे और जो समय बर्बाद हो रहा है, वह बचेगा।

अगर फॉरेस्ट की जमीन पर चार पेड़ भी कटने हों तो उसमें भी 6, 8 महीने से लेकर साल भर तक कई बार परमीशन लेने में लग जाता है। हमारे यहां माइनिंग का ईश्यू है। पिछले दस साल से रेत की माइनिंग हो रही है, लेकिन वह सारी इल्लीगल है। इससे न सरकार को पैसा आ रहा है और न ही इसका कोई मतलब है। सिर्फ इस बात पर कि पॉल्यूशन का बैन लगा है, तो जो रेत का ट्रक 10-12 हजार रूपए में मिलता था, वह 35-40 हजार रूपए तक आज बिक रहा है। सरकार के खजाने में उसका कोई अंश नहीं जा रहा है।

जब भी हम चौराहे पर होते हैं तो अवसर देखते हैं, हालांकि कानून जरूर बना हुआ है, लेकिन छोटे-छोटे बच्चे चौराहे पर खड़े मिलते हैं, दिल्ली के किसी भी चौराहे पर जाएं या दूसरी जगह जाएं, वे

भीख मांगते हुए मिलते हैं। हमें इसके सम्बन्ध में कानून में सुधार करना चाहिए, ताकि वह सख्ती से लागू हो सके। बच्चों का जो अपहरण होता है, उससे भी हमें निजात मिल सकती है।

जब कोई भी फाइल जाती है, तो वह ज्वाइंट सेक्रेटरी, फिर एडीशनल सेक्रेटरी, फिर सेक्रेटरी के पास जाती है। जहां कोई फाइल सीधी जा सकती है, लेकिन उसमें चार-पांच जगह रोक लगती है। उस फाइल के जाते-जाते बहुत लम्बा समय हो जाता है।

पुलिस के सौ साल पुराने कानून बने हुए हैं। आज तक वही लागू हो रहे हैं। इससे लोगों के साथ बड़ा अन्याय भी होता है, चाहे जुडिशियरी में हो या कहीं दूसरी जगह, लोगों के केस लटके रहते हैं। इसमें भी सुधार की बहुत जरूरत है।

तीसरा, मैं डॉवरी के संबंध में कहना चाहूंगा। डॉवरी वाले केस में जिस बहन की शादी हुए भी दस साल हो चुके हों, चाहे वह पिछले दो, सात या दस साल से घर न आयी हो, फिर भी उनके नाम लिखवाये जाते हैं। इन केसों में लोगों के साथ बड़ा भारी अन्याय होता है। कई बार इस सदमे में परिवार के परिवार बर्बाद हो जाते हैं। भाई अलग-अलग रह रहे हैं, चाहे वह उस शहर में रह रहा हो या नहीं, उन सबका नाम इसमें लिखा जाता है। इस कानून पर हमें ध्यान देना चाहिए और सुधार करना चाहिए।

कृषि का मामला सबसे महत्वपूर्ण है। आज हमें ऐसी नीति बनानी चाहिए जिससे किसान के साथ अन्याय न हो। आज धान प्रति क्विंटल 2200 रुपए, 2400 रुपए या 2500 रुपए बिक रही है इससे किसान परेशान हैं। इसके लिए हमें कोई ऐसी नीति बनानी चाहिए ताकि किसान को कुछ नुकसान न हो। जब किसानों की धान खत्म हो जाती है तो उसके रेट बढ़ जाते हैं। किसानों को सेलरवालों से बड़ा भारी नुकसान होता है, उनके बारे में सोचना बहुत जरूरी है। किसानों के फसल की कीमत के लिए कोई ऐसा कानून होना चाहिए जिससे 1 महीने या 15 दिनों में उन्हें पैसे मिल जाये। ईख की फसल के बारे में हो या अन्य फसलों के बारे में हो, किसानों को बहुत कठिनाई होती है। अगली फसल बोने के लिए भी उन्हें पैसे की बड़ी जरूरत होती है।

खाद के लिए भी कोई ऐसा कानून बनाना चाहिए जिससे किसानों को समय पर खाद मिल सके। किसानों को समय पर बिजली मिल सके, इसमें भी सुधार करने की बहुत जरूरत है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है। हम इसी के ऊपर निर्भर करते हैं। अगर किसान बर्बाद होते हैं तो देश का नुकसान होता है, हमें इनके ऊपर स्पेशल ध्यान देने की जरूरत है।

जिस तरह से हमनें सड़कों को जोड़कर पूरे देश को एक किया है उसी तरह नहरों को भी जोड़ा जाये। जिस समय बिहार या अन्य राज्यों में बाढ़ आती है उस समय हरियाणा, पंजाब और अन्य राज्यों में सूखा पड़ता है। अगर सभी राज्यों को नहरों से जोड़ दिया जाये तो उधर का पानी इधर आ सकता है, जैसे - बिजली और सड़कों से राज्य जुड़े हुए हैं। हमें सभी पुराने कानूनों में सुधार करने की जरूरत है। धन्यवाद।

HON. CHAIRPERSON : As mentioned by the hon. Minister of Parliamentary Affairs and agreed to by the House, we will take this Bill for further consideration and passing tomorrow.

Now, Item No. 10 – Discussion under Rule 193 – Shri M. Rajamohan Reddy.